दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09／12／2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। हरियाणा के पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बीमा सखी योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी। एलआईसी की यह पहल अठारह से सत्तर वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है जो दसवीं कक्षा पास हैं। पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वृत्तिका दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। समारोह को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने भी संबोधित किया।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, दो हजार तेरह के प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकार होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने आज एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिका में राजनीतिक दलों को यौन उत्पीड़न विरोधी कानूनों के तहत शामिल करने की मांग की गई थी।

————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना जारी है। मुजफ्फरपुर के एमआईटी में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। परिणाम आज शाम तक आने की संभावना है। उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को लेकर परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि साइबर अपराधियों और असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा के संबंध में भ्रम फैलाने की आशंका है। इसे देखते हुए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि फर्जी फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाले किसी संदेश पर भरोसा न करें। इसकी सूचना तत्काल मोबाईल नंबर– **आठ पांच चार चार चार दो आठ चार शून्य चार** और एनसीआरपी पोर्टल के हेल्पलाईन नंबर– **एक नौ तीन शून्य** पर दें।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। श्री कुमार ने समारोह में छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

————————————————————

दिल्ली से शिलांग जा रही एक फ्लाइट की पटना हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गयी। पक्षी से टकरा जाने के कारण पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। विमान में सवार सभी अस्सी यात्री सुरक्षित हैं। सभी यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से शिलांग भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय, डीआरआई की टीम आज पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल के हंसटोला में छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर दूसरे लोगों के नाम से फर्म बनाकर करोड़ों रूपये लेन–देन करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक कागजात भी जब्त किये गये हैं।

————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज सुबह कई जगहों पर हल्की बारिश हुई है। पटना, गया, अरवल, रोहतास, औरंगाबाद, गोपालगंज और सीवान जिले में बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है। अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान

दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। सुबह के समय दक्षिण–पूर्व और उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।